# उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन (UPSDM) के अंतर्गत राज्य एवं जिला स्तर पर प्रोफेशनलों के लिए नौकरी के अवसर

---

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की स्किल डेवलपमेंट पॉलिसी को लागू करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग (Vocational Education and Skill Development Department) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन का गठन किया है। इसका उद्देश्य राज्य और केन्द्रीय सरकारी संगठनों के विभिन्न विभागों के प्रयासों को समाहित करना है जिनका लक्ष्य 14 से 35 साल के 45 लाख युवकों को वर्ष 2016–17 तक स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रदान करना और रोजगार उन्मुख और व्यावसायिक कौषल से जुड़ा हुआ प्रशिक्षण प्रदान करना है और कम से कम 70 प्रतिषत प्रषिक्षित युवा को फायदेमंद मजदूरी और रोजगार दिलाना जिससे कि राज्य के आर्थिक विकास में मदद हो। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.upgov.nic.in पर जाएँ।

इसकी कुछ मुख्य रणनीति होगी सिस्टम इन्ट्रीग्रेटॅर की ही तरह राज्य सरकार के कार्यक्रमों कौशल विकास से संबंधित योजना एवं विभाग, सरकारी पॉलिटेकनिक, औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, आई॰टी॰सी॰ का नवीकरण एवं विस्तारीकरण तथा प्राईवेट सेक्टर प्रशिक्षण प्रदाता के साथ संबंध, एन॰एस॰डी॰सी॰ को राज्य कौशल विकास के कार्यों के लिए सहयोग प्रदान करना, विशेष कार्यक्रमों के द्वारा गरीब समूहों की आवश्यकता को विशेष योजना/केन्द्रित सेक्टर द्वारा पूर्ण करना, कौशल विकास प्रशिक्षण को वित्त प्रदान करना, एक मजबूत सोशल मोबिलाइजेशन अभियान चलाकर युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए इनरॉल एवं आकर्षित करना, ट्रेनरों का पूल तैयार करना, कर्मियों के नियोजन के बाद की सेवाओं को ट्रैक करना, कोर्स का स्टैण्डराइजेशन करना, सर्टिफिकेशन करना एवं नये अनुभवों के पहचान के लिए कौशल विकास आधारित अध्ययन करना है।

UPSDM, राज्य परिषद द्वारा स्वतंत्र एक सासाईटी की तरह गठन किया गया है, जिसके चेयरपर्सन मुख्यमंत्री होंगे। UPSDM, मिशन की सभी गतिविधियों के प्रबंधन और सहायता प्रदान करने के लिए राज्य और जिला स्तर पर प्रोफेशनल के रूप में सक्षम और समर्पित कार्यान्वियन संरचनाओं के बढ़ावा देने पर जोर देता है। मिशन विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत समर्पित प्रोफेशनलों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। नौकरी से संबंधित अन्य जानकारियों जैसे कि योग्यता मानदंडों इत्यादि के लिए कृपया www.upgov.nic.in or www.sids.ci.on/upsdm पर जाएँ। पदों के नाम और संख्या नीचे दिये गए हैं।

**(क) राज्य कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई (SPMU)**

| क्र0 | पद का नाम | रिक्तियों की संख्या | विस्तृत जॉब प्रोफाईल | पात्रता अर्हता | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैनेजर– ट्रेनिंग पार्टनर्स कोलैब्रेशन (राज्य स्तर) | 1 | • आप प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उद्योग, सरकारी संस्थान, प्रोफेशनल संस्थान, प्रशिक्षण प्रदात्ता के साथ साझेदारी करने के लिए जवाबदेह होंगे।<br>• आप UPSDM का प्रशिक्षण का योजना तैयार करेंगे और उसका क्रियान्वयन करेंगे।<br>• आप साझेदारी का रोडमैप तैयार करेंगे और उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। | किसी भी विषय में स्नातक तथा एम॰बी॰ए॰ या पी॰जी॰डी॰एम॰ या स्नात्कोत्तर डिग्री तथा एम॰बी॰ए॰ या पी॰जी॰डी॰एम॰ एवं कौशल क्षमता विकास और नियोजन सेक्टर में कम से कम 10 वर्षों का कार्यानुभव हो, जिसमें कि 2 वर्ष कम से कम राज्य स्तर पर प्रबंधकीय पद पर कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। | रुपये 50,000/– प्रतिमाह |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **(ख) जिला कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई (DPMU)** | | | | | |
| 1 | काउंसलर और MIS मैनेजर (जिला स्तर) (राज्य स्तर) | 50 | • आप प्रशिक्षणार्थियों, उद्यमियों और दूसरे साझेदारों के साथ जिला स्तर पर मिलेंगे एवं नेतृत्व करेंगे।<br>• आप जिला स्तर पर UPSDM के ऑनलाईन पोर्टल को नियमित डाटा, विभिन्न कार्यक्रमों के अव्यव को नवीकरण करेंगे।<br>• आप जिला स्तर पर सोशल मोबिलाईजेशन अभियान का क्रियान्वयन के लिए जवाबदेह होंगे। | किसी भी विषय में स्नातक/ (एम॰बी॰ए॰/ग्रामीण विकास/ सामाजिक कार्य के साथ स्नात्कोत्तर डिग्री को प्राथमिकता दी जाएगी) एवं कम्प्यूटर DOEACC- 'O' LEVEL या समकक्ष के ज्ञान के साथ किसी भी बड़े स्तर पर ग्रामीण विकास कार्यक्रम या सामुदायिक मोबिलाईजेशन या काउन्सिलिंग के कार्यों में कम–से–कम 5 वर्षों का कार्यानुभव हो, जिसमें कि 2 वर्षों का संबंधित क्षेत्र में जिला स्तर पर/उच्च स्तर पर प्रबंधकीय पद पर कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। | रुपये 30,000/– प्रतिमाह |

## आवेदन कैसे करें:

- सभी इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन अप्लाई करना चाहिए। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए कृपया **www.sids.co.in/upsdm** पर जाएं।
- किसी अन्य माध्यम से किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
- ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 03 फरवरी 2014 को शाम 6.00 बजे तक।

## चयन प्रक्रिया :

- निर्धारित मानकों के आधार पर योग्य पाए जाने की स्थिति में सूचीबद्ध आवेदकों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
- चयन प्रक्रिया में दसवीं से लेकर क्वालिफाईंग डिग्री तक के अंकों को जोड़कर अंक प्रदान किये जाएंगे और वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा होगी। वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षा में दो सेक्षन होंगे। सेक्षन A में प्रश्न तार्किक योग्यता, अंकीय योग्यता, डेटा एनालिसिस और कम्परीहेंसन से होंगे। सेक्षन B में डोमेन ज्ञान, सरकारी कार्यक्रम और कम्प्यूटर से होंगे। शैक्षणिक योग्यता पर दिये गये अंकों और लिखित परीक्षा के अंकों को मिलाकर एक मेरिट लिस्ट तैयार किया जाएगा जिसमें से 1: 5 के अनुपात में अंतिम साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- काउन्सलर कम एम॰आई॰एस॰ मैनेजर के लिए जो लोग जिलों में कार्यरत होंगे। यह बची हुई रिक्तियॉ 13 कलस्टर के लिए हैं। प्रत्येक कलस्टर में एक से अधिक जिले हैं। आवेदन करने के दौरान आवेदक को कलस्टर का चुनाव उक्त स्थान पर नियुक्ति हेतु करना होगा। कलस्टर अनुसार मेरिट लिस्ट बनाया जाएगा और आवेदक को मेरिट के अनुसार उसी कलस्टर के जिलों में नियुक्ति की जाएगी।

- कलस्टर के अंतर्गत आनेवाले जिलों का ब्योरा नीचे तालिका में दिया गया है:–

| VACANCY FOR POSTING OF CONSELOR CUM MIS MANAGER FOR UPSDM | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S No. | Name of Cluster | Districts Falling under the Cluster (no. of vacancies) | | | | | |
| 1 | **Agra** | Mainpuri - 2 | | | | | |
| 2 | **Aligarh** | Etah - 2 | Hathras- 1 | Kasganj - 2 | | | |
| 3 | **Azamgarh** | Balia-1 | | | | | |
| 4 | **Basti** | Basti-1 | SantKabir Nagar-1 | Siddharth Nagar- 1 | | | |
| 5 | **Chitrakut** | Banda - 2 | Hamirpur - 2 | Mahoba - 2 | | | |
| 6 | **Devipatan** | Baharaich- 1 | Balrampur - 2 | Gonda- 1 | Shravasti - 2 | | |
| 7 | **Faizabad** | Barabanki- 1 | | | | | |
| 8 | **Gorakhpur** | Kushinagar-1 | | | | | |
| 9 | **Kanpur** | Auraiah - 2 | Etawah-1 | Farrukhabad - 2 | Kannauj-1 | Kanpur Dehat-1 | |
| 10 | **Meerut** | Baghpat-1 | Bulandshahar-1 | Gautam Buddh Nagar - 2 | Ghaziabad | Meerut-1 | Hapur-1 |
| 11 | **Mirzapur** | Mirzapur-1 | | | | | |
| 12 | **Moradabad** | Bijnaur-1 | Rampur-1 | Sambhal-2 | | | |
| 13 | **Saharanpur** | Saharanpur-1 | Muzzafarnagar - 2 | Shamli - 2 | | | |

- कलस्टर में किसी भी प्रकार के परिवर्त्तन की अनुमति नहीं होगी।

<u>अन्य सूचना</u> :

- उपरोक्त पद आरम्भ में दो साल की अवधि के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर होगें और दो साल बाद परफोर्मेंस के आधार पर एक- एक वर्ष के लिए अधिकतम दो बार बढ़ाया जा सकेगा।
- ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 03 Feb' 14 को शाम 6.00 बजे तक।